आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–14 मई 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंजाब के आदमपुर वायु सेना स्टेशन पहुंच कर जवानों से किया संवाद, कहा–भारत की नीति, नीयत और निर्णायक क्षमता की जीत है ऑपरेशन सिंदूर।
- विदेश मंत्रालय ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर से जुड़े किसी भी मुद्दे का द्विपक्षीय हल निकालने की भारत की प्रतिबद्धता दोहराई, कहा–इस मामले में भारत की नीति में कोई बदलाव नहीं।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर दक्षिण कॉरिडोर बनाने का दिया निर्देश, कहा–प्रदेश को कई राज्यों के साथ जोड़ने के अलावा समावेशी विकास में भी मददगार बनेगा यह कॉरिडोर।
- सीबीएसई ने बारहवीं और दसवीं के परिणामों की घोषणा की, शामली की बारहवीं की छात्रा सावी का पूरे देश में पहला स्थान।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की नीति, नीयत और निर्णायक क्षमता की जीत है। उन्होंने यह बात पंजाब के आदमपुर वायुसेना स्टेशन पर वायु सेना के जवानों को संबोधित करते हुए कही।

**ऑपरेशन सिंदूर कोई सामान्य सैन्य अभियान नहीं है। ये भारत की नीति, नीयत और निर्णायक क्षमता की त्रिवेणी है।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान में अब कोई ऐसी जगह नहीं बची है, जहां आतंकवादी चैन की सांस ले सकें। भारत के पास आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर खत्म करने की क्षमता है।

**नौ आतंकी ठिकाने बर्बाद हुए हैं। सौ से ज्यादा आतंकियों की मौत हुई। आतंक के आकाओं को अब समझ आ गया है, भारत की ओर नजर उठाने का एक ही अंजाम होगा, तबाही। भारत में निर्दोष लोगों का खून बहाने का एक ही अंजाम होगा, विनाश और महाविनाश।**

प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देश की रक्षा करने वाले सशस्त्र बलों के साहस, वीरता और कार्यकुशलता की सराहना की।

इससे पहले प्रधानमंत्री ने वायु सेना केंद्र के वीर जवानों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि वह वीरों के दर्शन के लिए आए हैं। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि देश पर अब कोई भी आंतकी हमला, एक्ट ऑफ वार माना जाएगा।

**********

विदेश मंत्रालय ने कहा है कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू–कश्मीर से जुड़े किसी भी मुद्दे पर भारत का रुख लंबे समय से द्विपक्षीय हल निकालने का है। नई दिल्ली में कल संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इस मामले पर भारत की नीति में कोई बदलाव नहीं आया है।

**हमारा लंबे अरसे से यहीं राष्ट्रीय पक्ष रहा है कि भारतीय केंद्रशासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर से संबंधित किसी भी मुद्दे को भारत और पाकिस्तान को द्विपक्षीय तरीके से ही हल करना है। इस स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। जैसा की आप जानते हैं कि लंबित मामला केवल पाकिस्तान द्वारा अवैध रूप से कब्जा किए गए भारतीय क्षेत्र को खाली करने का है।**

संवाददाता सम्मेलन में सिंधु जल संधि पर पूछे गए सवाल के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति के निर्णय के अनुसार, भारत इस संधि को तब तक स्थगित रखेगा, जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद को अपना समर्थन देना बंद नहीं करता।

एक अन्य सवाल के जवाब में, श्री जायसवाल ने स्पष्ट किया कि उभरते सैन्य हालात पर भारत और अमरीका के नेताओं के बीच कोई चर्चा नहीं हुई। उन्होंने बताया कि सात मई को ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत से लेकर दस मई को गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद करने पर सहमति बनने तक, दोनों देशों के नेताओं के बीच बातचीत हुई, लेकिन इनमें से किसी भी चर्चा में व्यापार का मुद्दा नहीं उठा।

अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा परमाणु युद्ध की अटकलों पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जायसवाल ने कहा कि भारत की ओर से सैन्य कार्रवाई पूरी तरह से पारंपरिक क्षेत्र में थी और पाकिस्तानी विदेश मंत्री ने स्वयं परमाणु हमले की बात को खारिज किया है।

**********

ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कल से ग्यारह दिन का राष्ट्रव्यापी संपर्क अभियान शुरू किया गया। तिरंगा यात्रा नाम से यह अभियान पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सेना की सफलता गाथा को लोगों तक पंहुचायेगा। इस कार्यक्रम में पूर्व सैनिक, सामाजिक कार्यकर्ता, सामाजिक संगठन तथा भाजपा के प्रमुख नेता शामिल होंगे। यह अभियान तेईस मई तक चलेगा।

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अभियान के संबंध में कहा कि हम भारतीय सेना के शौर्य को जन–जन तक पहुंचाने का काम करेंगे।

**राष्ट्रीय अध्यक्ष का उद्बोधन के माध्यम से संदेश हम सबको मिला है। पूरे प्रदेश में तिरंगा यात्राएं निकलेंगी। भारतीय सेना के शौर्य को हम जन जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। जिला मुख्यालय से लेकर गांवों, कस्बे शहरों तक हम सब कार्यकर्ता जाएंगे।**

**********

देश का रक्षा बजट वित्तीय वर्ष दो हजार तेरह चौदह के दो लाख तिरपन हजार करोड़ रुपये से बढ़कर वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस छब्बीस में छह लाख इक्यासी हजार करोड़ रुपये हो गया है। रक्षा मंत्रालय ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि रणनीतिक सुधारों, निजी क्षेत्र की भागीदारी और नवाचार ने स्वदेशी विनिर्माण को बढ़ावा दिया है। इससे भारत एक आत्मनिर्भर और विश्व स्तर पर विश्वसनीय रक्षा निर्यातक बन गया है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लोक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान प्रदेश के नेपाल सीमा से लेकर दक्षिणी छोर तक फैले जिलों को जोड़ने वाला उत्तर दक्षिण कॉरिडोर बनाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य से राष्ट्रीय राजमार्गों के तहत आने वाले हिस्सों में एनएचएआई का सहयोग लिया जाए । शेष मार्गों का निर्माण, सुदृढ़ीकरण और चौड़ीकरण राज्य स्तर पर कराया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां आवश्यक हो वहां ग्रीनफील्ड रोड परियोजनाएं प्रस्तावित की जाएं। उन्होंने उम्मीद जताई कि उत्तर दक्षिण कॉरिडोर न केवल प्रदेश को मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों से जोड़ेगा, बल्कि सीमावर्ती जिलों में व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देगा। इससे प्रदेश का समावेशी विकास सुनिश्चित होगा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एच–फाइव एवियन इंफ्लुएंजा बर्ड फ्लू से सुरक्षा के लिए प्राणी उद्यानों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिये हैं। बर्ड फ्लू संक्रमण के आशंका के मद्देनजर मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों के साथ कल उच्च स्तरीय बैठक की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इस बीमारी का संक्रमण रोकने के लिए केन्द्र और राज्य सरकार से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। मुख्यमंत्री ने राज्य के सभी पोल्ट्री फार्मों की मानकों के अनुरूप विशेष निगरानी का भी निर्देश दिया। इस बीच, संक्रमण को देखते हुए इटावा सफारी पार्क को आज से बीस मई तक और कानपुर के चिड़ियाघर को कल से उन्नीस मई तक पर्यटकों के लिए बंद कर दिया गया है।

**********

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने कल बारहवीं और दसवीं कक्षा के परिणामों की घोषणा कर दी है। इस वर्ष बारहवीं कक्षा के अठासी दशमलव तीन–नौ प्रतिशत विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा पास की, जो पिछले वर्ष की तुलना में शून्य दशमलव चार एक प्रतिशत अधिक है। प्रदेश के शामली जिले की बारहवीं की छात्रा सावी जैन ने इस परीक्षा में पूरे देश में टॉप किया है। सावी जैन को पांच सौ में से चार सौ निन्यानबे अंक हासिल हुए हैं। सावी ने बताया कि वह नियमित रूप से पांच घंटे पढ़ाई करती हैं।

**आल ओवर इंडिया और मेरे फॉर नाइनटी नाइन आउट ऑफफाइव हंड्रेड मार्क्स है फिर इसका श्रेय सबको जाता है मेरे पेरेंट्स, टीचर्स, स्कूल एडमिनिस्ट्रेशन, प्रिंसिपल माम हर वो इंसान जिसने मेरे को हर मौके पर प्रमोट किया है मुझे सपोर्ट दिया है। सिर मुझे आगे सिविल सर्विस जॉइन करनी है**

दसवीं कक्षा के तिरानवे दशमलव छह–छह प्रतिशत विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा पास की, जो पिछले वर्ष की तुलना में शून्य दशमलव शून्य–छह प्रतिशत अधिक है।

**********

न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई आज बावनवें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु राष्ट्रपति भवन में एक विशेष समारोह में उन्हें शपथ दिलाएंगी। न्यायमूर्ति बी आर गवई न्यायमूर्ति संजीव खन्ना का स्थान लेंगे, जो कल सेवानिवृत्त हो गए।

**********

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत में सेमीकंडक्टर बनाए जाने का काम तेजी से हो रहा है। केन्द्रीय मंत्री ने प्रदेश के नोएडा में एक सेमीकंडक्टर निर्माण इकाई के उद्घाटन कार्यक्रम में कल संवाददाताओं से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया में सबसे उन्नत तीन–नैनोमीटर वाले चिप्स डिजाइन करने की क्षमता रखता है।

**********